QHD

June - Examination 2019

B.A./B.Com./BSc / BSW Examination

General Hindi

सामान्य हिंदी

Paper - QHD

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 70**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **7 × 2 = 14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) खड़ी बोली से क्या तात्पर्य है?

(ii) फोर्ट विलियम कॉलेज कलकत्ता के संस्थापक का क्या नाम है?

(iii) चंन्द्रकान्ता' और चंन्द्रकान्ता सन्तति' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं?

(iv) निम्नलिखित तत्सम शब्दों का तद्भव रूप लिखें।

(क) अंधकार

(ख) मयूर

(v) 'गंगा' के दो पर्यायवाची शब्द लिखे।

(vi) 'अनु' उपसर्ग से कोई दो शब्द बनाइए।

(vii) निम्न अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) द्रष्टि

(ख) अनुग्रहित

खण्ड – ब **4 × 7 = 28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंकों का है।

2) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बनाइए (वाक्यांश सूचक शब्द लिखिए।)

(क) जिसकी चाह हो ....

(ख) सिर से लेकर पैरों तक ....

(ग) जिसे ईश्वर और धर्म पर विश्वास हो ....

(घ) जो उपमा से रहित हो ....

(ह) बिना तिथि बताकर आनेवाला ....

(द) सागर में लगनेवाली आग ....

(छ) जो आकार से रहित हो...............

3) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(क) आस्तीन का साँप होना

(ख) कलई खुलना

4) 'परहित सरिस धरम नहिं भाई' वाक्य का पल्लवन कीजिए।

5) पत्रों के प्रकार बताते हुए पत्र लेखन की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

6) निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

संतों भाई, आई ज्ञान की आँधी रे।
भ्रम की टाटी सबै उडाँणी, माया रहै न बाँधि रे।।
दुयिते की दोई थुनी गिराँनी, मोह बलींडा टूटा।
त्रिस्नाँ छाँनि परी घर ऊपरि, कुबुधि का भांडा फूटा।।

7) तुलसीदास की भक्ति भावना का वर्णन कीजिए।

8) निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

बसौ मेरे नैनन में नन्दलाल
मोहनी मूरति, साँवरी सूरति, नैणा बने बिसाल।
अधर सुधारस मुरली राजति, उर वैजंती माल।।
क्षुद्रघंटिका कटितट सोभित, नूपुर सबद रसाल।
मीरा के प्रभु संतन सुखदाई, भक्त बछल गोपाल

9) आकाशदीप कहानी की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

खण्ड – स $2 \times 14 = 28$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

10) सच्ची वीरता निबन्ध में सच्चेवीर की विशेषताओं का वर्णन कीजिए तथा निबन्ध की शैली पर भी प्रकाश डालिए।

11) गांधी जी की आत्मकथा के अंश के आधारपर गांधी जी के चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

12) 'सुभद्रा' संस्मरण की अतर्वस्तु शिल्प और प्रतिपाद्य का विवेचन कीजिए।

13) निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए।

(क) फिल्म व विज्ञापन में हिन्दी

(ख) भारत में नारी

(ग) बेरोजगारी की समस्या

(घ) फेसबुक और व्हाटसऐप महत्त्व और चुनौतियाँ